प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः बे0शि0प0/ 37329-407/2023-24 दिनांक- 29-12-2023

विषयः-पारस्परिक अन्तः एवं अन्तर्जनपदीय स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-832/68-5-2023-133/2022, दिनांक 02 जून, 2023 एवं शासनादेश संख्या-68-5099/81/2022-5 दिनाक 20.01.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके अनुपालन में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र उ0प्र0 लखनऊ द्वारा विकसित पोर्टल क्रमशः **interdistricttransfer.upsdc.gov.in** एवं **intradistricttransfer.upsdc.gov.in** पर शिक्षक एवं शिक्षिका द्वारा जोड़ा (Pair) बनाने की कार्यवाही पूर्ण की गयी है।

शासनादेश में निहित प्राविधानानुसार अर्ह पाये जाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिका को कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही दिनांक **11.01.2024 से 13.01.2024** तक शासनादेश दिनांक 20.01.2023 एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या-बे0शि0प0/12400-552/2023-24, दिनांक 14.06.2023 के क्रम में किया जायेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित करने के उपरान्त ही नियमानुसार कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कराने की कार्यवाही की जायेगी कि परस्पर स्थानान्तरित शिक्षक एवं शिक्षिका कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण कर रहे है।

अन्तर्जनपदीय एवं अन्तः जनपदीय पारस्पारिक स्थानान्तरण के फलस्वरुप कार्यमुक्त एवं कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिका का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपडेट किया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नकः-उक्तवत्।

भवदीय

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव, 29.12.23
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

पृ0सं0:बे0शि0प0/ 37329-407/2023-24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग-5, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2- महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3- शिक्षा निदेशक बेसिक, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4- वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(प्रताप सिंह बघेल)
सचिव, 29.12.23
उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।